# चंदेरी इको रिट्रीट में एक साथ मिल रहे इतिहास और रोमांच से पर्यटक गदगद

## पैरा मोटरिंग, हॉट एयर बलून में बैठकर पर्यटकों को देखने मिल रहा ऐतिहासिक नगरी का जादुई नजारा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा जिला प्रशासन एवं सनसेट डेज़र्ट कैंप के सहयोग से संचालित हो रहे चंदेरी इको रिट्रीट के तृतीय संस्करण में देशभर से आए पर्यटकों को नगर में इतिहास, हैंडलूम, संस्कृति और रोमांच का अभूतपूर्व संगम देखने को मिल रहा है। चंदेरी इको रिट्रीट में इस बार भी रोमांचक गतिविधियां सबसे बड़ा आकर्षण बनी हुई हैं। देशभर से आए पर्यटक एडवेंचर ज़ोन में संचालित गतिविधियों का आनंद ले रहे हैं। साथ ही पैरामोटरिंग और हॉट एयर बलून के माध्यम से ऐतिहासिक नगरी को आसमान से देखने का रोमांच प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही कटी घाटी की हरियाली और घाटीदार मार्गों पर एटीवी राइड्स से गति का रोमांच, ज़प्पलाइन से चंदेरी की प्राकृतिक वादियों के ऊपर उड़ान जैसा अनुभव मिल रहा है। प्रतिभागियों ने बताया कि एक ही स्थान पर इतिहास, प्रकृति और एडवेंचर का ऐसा संगम दुर्लभ है। उल्लेखनीय है कि इसके शुभारंभ समारोह पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने



वीडियो संदेश में चंदेरी को प्रकृति, इतिहास और सांस्कृतिक समृद्धि से भरपूर बताकर कहा था कि, यह ऐतिहासिक नगर अब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय मंत्री, संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा था कि चंदेरी की किलेबंदी, बावड़ियां और महल हमारे गौरवपूर्ण इतिहास और बुंदेलखंड की सांस्कृतिक वीरता के चमकते प्रतीक हैं।

**सांस्कृतिक व संगीत कार्यक्रमों ने पर्यटकों का मन मोहा:**

देश के प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियों ने चंदेरी की रातों को सुर लहरियों और लोकधुनों से सराबोर कर किया। कविश सेठ के इंडी-फ्यूज़न और नोरी वाद्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अब आने वाले दिनों में पद्मश्री कैलूराम बामनिया का मालवी कबीर गायन, राघवेंद्र कुमार की मोहन वीणा/सितार जुगलबंदी, Sangat बैंड की ऊर्जावान फोक-प्यूजन प्रस्तुति के साथ ही प्रतिभा पाठक की सूफी-लोक-कथा गायन प्रस्तुति का आनंद लेने का मौका मिलेगा।

**एक स्थान पर मिल रहीं सारी सुविधाएं:**

चंदेरी ईको रिट्रीट देश-विदेश के पर्यटकों के लिये आदर्श स्थान बना होने के साथ ही एक स्थान पर अनेक सुविधाओं मिलने का स्थान बना हुआ। इसमें जहां लक्ज़री ग्लैम्पिंग - प्रकृति और आराम का अनोखा मेल है। तो वहीं कटी घाटी के पास स्थापित टेंट सिटी चंदेरी ईको रिट्रीट में मेहमानों को विश्वस्त्रीय ग्लैम्पिंग अनुभव, बघेलखंड और बुंदेलखंड के पारंपरिक व्यंजन का



स्वाद भी मिल रहा है। साथ ही बच्चों के लिए समर्पित किड्स जोन इनडोर-आउटडोर गेम्स आदि शामिल है।

**कविता सेठ के कार्यक्रम की प्रस्तुति आज**

चंदेरी ईको रिट्रीट महोत्सव कटी घाटी के पास मंगलवार को सूफी और गजल कलाकार ,म्यूजिक डायरेक्टर कविता सेठ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। यह कार्यक्रम आज शाम 7:30 बजे से प्रारंभ होगा।

### शराब के शौकीन आधा दर्जन देहात पुलिस ने पकड़े

**अशोकनगर।** देहात थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने वाले आधा दर्जन शराब के शोकीनो पर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कमल बालू, अमन बाल्मीक, आकाश बाल्मीक को इमली के पेड़ के नीचे इग्लखेड़ी से पकड़ा है। तो वहीं जगभान सिंह, यशपाल सिंह यादव एवं नरेश रजक को नया बस स्टेण्ड के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़ा है।

### बांकलपुर में हुई गाली-गलौच

**अशोकनगर।** चंदेरी थाना अंतर्गत ग्राम बाकंलपुर में गाली-गलौच कर मारपीट करने का मामला सामने आया, जिसकी शिकायत फरियादी द्वारा थाने में दर्ज कराई गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हाटकापुरा निवासी संजय पुत्र रामचरण आदिवासी से करतार सिंह आदिवासी द्वारा अपने गांव में गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

## एक नजर में

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की बैठक

**नवभारत अशोकनगर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रास सोसायटी आदित्य सिंह की अध्यक्षता में जिला रेडक्रास सोसायटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट काफ्रेंस कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त किया गया। बैठक में सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने जिले में रेडक्रास की गतिविधियों को बेहतर तरीके से संचालित किये जाने पर चर्चा की गई। इस दौरान कलेक्टर द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मान किया गया। बैठक में नवनिर्वाचित सभापति डॉ. जयमण्डयल सिंह यादव, उपसभापति राजीव जैन जाट, सचिव संजय रघुवंशी, कोषाध्यणक्ष देवेन्द्र अग्रवाल, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ.अनुराधा सिंह यादव, डॉ. दीपक मिश्रा, डॉ. हरवीर सिंह रघुवंशी, वित्त् समिति प्रभारी सतीष पराशर सदस्य, अंकित छावडा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### अब रात को भी खुलेगा मेडिकल

**अशोकनगर।** जिला चिकित्सालय अशोकनगर में रात्रि के समय इलाज हेतु आने वाले मरीजो को दवाईयों के लिये परेशान नही होना पडे इस सुविधा हेतु रात्रिकालीन मेडीकल शॉप खोले जाने के संबंध में जिला मेडीकल एसोशियन समिति की बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में किया गया। बैठक में उपस्थित मेडीकल एसोशियन से चर्चा उपरांत जिला चिकित्सालय अशोकनगर में रात्रिकालीन मेडीकल शॉप खोले जाने पर सहमति प्रदाय की गई। बैठक में जिला चिकित्सालय अशोकनगर में ईलाज हेतु आने वाले मरीजो की सुविधा के लिये रात्रिकालीन 1 मेडीकल शॉप खोलने, मेडीकल शॉप पर बड़े-बड़े अक्षरो में मोबाईल नम्बर प्रदर्शित होने, मेडीकल शॉप पर मरीजो के ईलाज हेतु समस्त इमरजेंसी दवाईयां उपलब्ध होने,जिला चिकित्सालय अशोकनगर में नाम वार एवं दिनांक वार खुलने वाले मेडीकल शॉप की सूची चस्पा होने के संबंध में विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिये गये। बैठक में सीएमएचओ डॉ.अलका त्रिवेदी सहित जिला मेडीकल एसोशियन समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।


# पाइपलाइन बिछने से पहले पानी की टंकी हुई लीकेज

## सालों बाद भी नईसराय कस्बे में जल जीवन मिशन योजना का काम अूधरा

नवभारत न्यूज

**नईसराय।** हर घर तक शुद्ध पानी पहुंचाए जाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा साल 2019 में लागू की गई जल जीवन मिशन योजना का नईसराय कस्बे में बुरा हाल है। बताते हैं कि कस्बे में पाइप लाइन डालने का काम तो अधूरा पड़ा ही है। तो वही डाली गई पाइप लाइन भी आए दिन लीकेज हो रही है। जिससे कस्बे की गलियों में हर दिन कीचड़ बना रहता है। हैरत की बात तो यह है कि पानी स्टोरेज करने के लिए बनाई गई टंकी में भी जगह-जगह से पानी रिस रहा है। जिससे आस-पास निवास करने वाले लोग खतरा महसूस कर रहे है।

उल्लेखनीय है कि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की शुरुआत की है। योजना के तहत साल 2024 के अंत तक देश के लगभग हर घर तक पानी पहुंचाए जाने का लक्ष्य तय किया गया था। योजना के क्रियान्वयन के लिए 3.60 लाख करोड़ का बजट भी निर्धारित किया गया था। बताते हैं कि योजना के तहत चिन्हित गांवों में जहां पानी संग्रहित करने के लिए पानी की टंकियां बनाई गईं हैं। तो वहीं घरों तक पानी पहुंचाने के लिए 30 साल गारंटी वाली पीवीसी पाइप लाइन भी बिछाई गई है। हालांकि तीस साल गारंटी वाली पाइप लाइन में आए दिन लीकेज की शिकायते सामने आ रही है। जिससे पाइप लाइन की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। योजना से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पाइप



लाइन को तीन फीट या इससे ज्यादा गहराई में दबाया जाना था। लेकिन निर्माण एजेंसी ने पाइप लाइन निर्धारित गहराई से ऊपर ही डाल दी। इसलिए जैसे ही कोई भारी वाहन पाइप लाइन के ऊपर से गुजरता है तो पाइप लीकेज या फिर क्षतिग्रस्त हो जाते है।

**टंकी से रिस रहा पानी:**

नईसराय कस्बे में योजना के बुरे हाल है यहा पानी स्टोरेज करने के लिए बनाई गई टंकी ही लीकेज होने लगी है। जबकि पाइप लाइन बिछाए जाने के लिए खोदी गई सड़कें भी



उखड़ी पड़ी हैं। कस्बे का ही उदाहरण लिया जाए तो कस्बे के लगभग हर मोहल्ले में पाइप लाइन बिछाए जाने के लिए सड़कों को खोदा गया है। इस सड़कों में से कई सड़कें तो ऐसी थीं जिनपर ग्राम पंचायत द्वारा हाल ही में सीसी सड़क बनाई गई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि पाइप लाइन डालने के बाद क्षतिग्रस्त सड़क को फौरन दुरुस्त किया जाना था। लेकिन ज्यादातर स्थानों पर ऐसा नहीं हुआ और एजेंसी ने खुदी हुई सड़कों को मिट्टी से भर दिया। सरपंच प्रतिनिधि रामेंद्र सिंह की मानें तो पानी की टंकी का लीकेज होना निर्माण एजेंसी की सबसे बड़ी लापरवाही है। टंकी से पानी रिसने के कारण टंकी कभी भी फट सकती है। यदि समय रहते विभाग नहीं चेता किसी भी प्रकार हानि होना लाजमी है।



# SIR में उत्कृष्ट कार्य करने पर बीएलओ सुपरवाइजर सम्मानित

**तहसील कार्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**कलेक्टर ने प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मान**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में उत्कृष्टं कार्य करने पर विधानसभा 033 चंदेरी के बीएलओं, बीएलओं सुपरवाईजर सहित अन्य संलग्न शासकीय सेवकों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा चंदेरी तहसील कार्यालय में फूल माला पहनाकर एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा क्षेत्र 33 चंदेरी के 241 बीएलओ, 24 बीएलओ सुपरवाइजर, 6 मास्टर ट्रेनर्स, 22 पटवारी सहित एसआईआर कार्य में संलग्न कर्मचारियों को शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़, तहसीलदार दिलीप दरोगा,नायब तहसीलदार हिमांशी गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# गीता एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि मानव जीवन का दर्शन है : राजपूत

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** गीता जयंती के अवसर पर शासकीय माधव महाविद्यालय चंदेरी में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन सोमवार को किया। इस दौरान कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए डा संजीव राजपूत ने कहा कि गीता केवल ग्रंथ मात्र नहीं बल्कि मानव जीवन दर्शन की जटिल से जटिल समस्याओं के समाधान का माध्यम है। इसी तारतम्य में हरनाम सिंह ने कहा भगवद् गीता की शिक्षाएं समय से परे हैं और जीवन के कर्तव्य और अस्तित्व प्रकृति के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करती है। साथ ही कहा कि यह उस पल की याद दिलाता है जब भगवान श्रीकृष्ण ने पांच हजार वर्ष से भी पहले कुरुक्षेत्र के रण में अर्जुन को भगवद् गीता का कालजई उपदेश दिया था। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डा व्हीके पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा परिस्थितियों कैसी भी हो मन को संतुलित और स्थिर ही स्थित प्रज्ञात है अपने जीवन के संतुलन ही असली शक्ति है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्पिता तिवारी ने किया एवं आभार रक्षा राय द्वारा किया। इस मौके पर डॉ कृष्णगोपाल भार्गव, अजीत चौरसिया, संचिता राठौर, सुबोध अहिरवार, राजकुमार सिंह सहित अन्य स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसके अलावा शासकीय कन्या स्कूल में गीता महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# नये बस स्टैण्ड के अंदर और बाहर अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई

**नपा, यातायात और देहात पुलिस ने की कार्रवाई**

**दुकानदारों को हिदायत देने के साथ बनाए चालान**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** नगरपालिका, यातायात और देहात पुलिस द्वारा सोमवार को बस स्टैण्ड के अंदर और बाहर अतिक्रमा विरोधी मुहिम के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान जहां बस संचालकों को हिदायत दी गई,तो वहीं दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई करते हुए उन्हें आगे से अतिक्रमण न करने की मनाही की गई। इस दौरान करीब 15 हजार रूपये का जुर्माना दुकानदारों और वाहन मालिको से बसूला गया।



दरअसल नये बस स्टैंड पर अतिक्रमण एवं अव्यवस्थित पार्किंग की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं, जिसके चलते सोमवार को नगरपालिका यातायात पुलिस एवं देहात थाना पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान सबसे पहले संयुक्त टीम ने बस स्टैंड परिसर के अंदर दुकानदारों एवं अन्य लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया। साथ ही यातायात पुलिस ने बस स्टैंड पर अनावश्यक रूप से खड़ी बसों के चालान बनाए। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि कई बसें निर्धारित स्थान से हटकर खड़ी रहती थीं, जिससे आवागमन बाधित होता था और यात्रियों को परेशानी झेलना पड़ती थी। इसके बाद संयुक्त टीम द्वारा बस स्टैंड के बाहर की दुकानों पर अतिक्रमण विरोधी मुहिम के तहत कार्रवाई की, क्योंकि दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण कर रखा था। जिन पर चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 15,000 का जुर्माना वसूला।

**आगे भी जारी रहेगी मुहिम:**

कार्रवाई के दौरान अधिकारियों दुकानदारों और वाहन मालिकों से लेकर चालकों ने हिदायत देने के साथ ही चेतावनी दी कि आगे से निर्धारित स्थान पर ही वाहन रखे। इसके साथ ही स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर नपा सीएमओ विनोद उन्नीतान, यातायात थाना प्रभारी स्नेहा ठाकुर, देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा सहित नपा एवं पुलिस का अमला मौजूद रहा।

# ईसागढ़ को हनुमानगढ़ करने की मांग


**चंदेरी विधायक ने प्रदेशाध्यक्ष को लिखा पत्र**

**ईसागढ़ मंडल को किया हनुमान गढ़ मंडल**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** ईसागढ़ को हनुमानगढ़ किए जाने की मांग लंबे समय से समय समय पर लोगों द्वारा उठाई जाती है। ऐसा ही ताजा मामला सोमवार को प्रकाश में आया जब क्षेत्रीय विधायक द्वारा प्रदेशाध्यक्ष से ईसागढ़ को हनुमानगढ़ किए जाने की मांग रखी।

प्रदेशाअध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को लिखे पत्र में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने ईसागढ़ मंडल का नाम बदल कर हनुमान



गढ रखे जाने का निवेदन किया है। श्री रघुवंशी ने अपने लिखे गए पत्र के माध्यम से बताया है कि भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार मांग की जा रही है कि ईसागढ़ का नाम बदलकर हनुमान गढ रखा जाए। कार्यकर्ताओं की मांग पर उन्होंने विधानसभा का प्रतिनिधि होने के नाते ही उनकी मांग को वह उन्हें अवगत करा रहे है।

**महोत्सव** | **अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर 1100 छात्र-छात्राओं ने एक साथ किया गीता का पाठ**

# गीता के ज्ञान को हम अपने जीवन में आत्मसात करें : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** गीता जयंती के अवसर पर अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों को 1100 छात्र- छात्राओं द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर गीता पाठ संवेद श्वर में एक साथ किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि गीता के उपदेश हमारे जीवन में नैतिकता के महत्वे को समझाते है। हम सभी को मेहनत कर कर्म



की ओर आगे बढते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि गीता के ज्ञान को हम अपने जीवन में आत्मसात करें। धार्मिक ग्रंथ मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त्र करते है। गीता ऐसा धर्मग्रंथ है जिसकी शिक्षा प्रत्येक स्थल पर व्यक्ति का चरित्र निर्माण एवं मार्गदर्शन करती है। वहीं क्षेत्रीय विधायक हरिबाबू राय ने कहा कि गीता का सार संदेश यही है कि हम अपना पूरा जीवन शांतिप्रिय तरीके से मर्यादा के साथ जीये,हम अपने कर्तव्यों के प्रति भगवान श्रीकृष्ण के दिये गए उपदेशों पर चलकर सही काम करें। गीता का सार हमारे जीवन में नई दिशा लेकर आता है। वहीं पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने कहा कि कर्म किये जा फल की इच्छा मत कर इंसान को चरिथार्थ करते हुए गीता के संदेश को अपने जीवन में उतारे। जिससे जीवन का उद्धार होगा तथा आत्माविश्वास बढेगा। हम सभी की ईश्वर के प्रति आस्था होती है। कार्यक्रम के अंत में हितेन्द्र बुधौलिया द्वारा श्रीमद्भगवत गीता के संबंध में विस्तार से बताया गया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गीता के उपदेशों को मूल रूप में प्रतिस्थापित करने तथा घर-घर गीता श्लोकों को पढने का आव्हान किया गया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवत गीता साकारत्म क जीवन जीने के राह दिखाती है। व्यक्ति को हमेशा साकारत्मक सोच के साथ सक्रीय रहना चाहिये। कर्म के फल का त्याग करना दूसरा त्याग है। इस अवसर पर पंडित दिनेश विरथरे ने कार्यक्रम के प्रस्तावना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं कार्यक्रम में श्रीमद्भगवत गीता पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का अवलोकन अतिथियों सहित उपस्थित लोगों द्वारा किया गया।

# गीता के श्लोकों का किया गया सामूहिक वाचन

**उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल में किया गया आयोजन**

**कार्यक्रम में मौजूद रहे विद्यार्थी और गीता प्रेमी**

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** स्थानीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग के अधिष्ठान वीर भारत न्यास एवं विश्व गीता प्रतिष्ठानम् का यह अनुष्ठान हायर सेकेंडरी स्कूल के आतिथ्य में एवं स्थानीय गीता स्वाध्याय समिति प्रमुख देवीलाल शर्मा के संयोजकत्व में आयोजित किया गय। जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न शासकीय व निजी विद्यालयों के छात्र- छात्राएं , गीता



स्वाध्याई, अतिथि व गणमान्य जन शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं श्रीमद् भगवद्गीता के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ की गई। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से विश्व के तमाम देशों के साथ एक ही समय में किया जाने वाला श्रीमद् भगवद्गीता के 15 वें अध्याय के श्लोकों का वाचन किया। श्लोकों का सस्वर वाचन पंडित देवीलाल शर्मा द्वारा कराया गया। इस दौरान विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त कर गीता का महत्व बताते हुए कहा कि यह ऐसा ग्रन्थ है जिससे न केवल हम सुख शांति प्राप्त कर सकते हैं बल्कि अपने जीवन को सफल बनाते हुए आत्म कल्याण कर अपने परम लक्ष्य मोक्ष को प्राप्त कर सकते हैं।